मुजफ्फरपुर में बनेगा राज्य का अब तक का सबसे बड़ा ब्लड बैंक

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2023 को बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले के रेडक्रॉस सचिव उदय शंकर प्रसाद सिंह ने बताया कि मुजफ्फरपुर ज़िले के कंपनीबाग स्थित रेडक्रॉस में तीन करोड़ की लागत से ब्लड बैंक बनेगा, जो बिहार में अब तक का सबसे बड़ा ब्लड बैंक होगा।

प्रमुख बिंदु

- कंपनीबाग रेडक्रॉस में बनने वाला यह ब्लड बैंक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिये मशीनों की खरीद हो चुकी है। यहाँ ब्लड सेपरेशन की मशीन भी लगेगी, जिससे लाल रक्त कण वाले ब्लड नहीं होने की परेशानी दूर हो जाएगी।
- वर्तमान में श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (एसकेएमसीएच) में ही ब्लड सेपरेशन की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन ब्लड सेपरेशन कम होने के कारण मरीजों की जान बचाना मुश्किल हो जाता है।
- मुजफ्फरपुर ज़िले में इस ब्लड बैंक के बनने से एसकेएमसीएच पर से भी मरीजों की निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी।
- विदित है कि यह ब्लड बैंक रेडक्रॉस के ग्राउंड फ्लोर पर चलेगा, जिसमें 24 घंटे मरीजों के लिये ब्लड की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मरीज ज़रूरत के अनुसार कभी भी ब्लड बैंक से सेवा का लाभ ले सकेंगे।
- रेडक्रॉस के सचिव ने कहा कि यह ब्लड बैंक उत्तर बिहार के मरीजों के लिये वरदान साबित होगा। ब्लड सेपरेशन की अत्याधुनिक मशीनों से तुरंत ही होल ब्लड के एक यूनिट रक्त से लाल रक्त कण का तीन यूनिट ब्लड तैयार किया जाएगा। इससे डेंगू मरीज, एनीमिया, ब्लड कैंसर और थैलीसीमिया के मरीजों को रक्त की दिक्कत नहीं होगी।
- उन्होंने बताया कि राज्य के मोतीपुर में भी रेडक्रॉस मैटरनिटी सेंटर का निर्माण कर रहा है। इससे वहाँ की गर्भवती महिलाओं को स्पेशलिटी हॉस्पिटल जाने की ज़रूरत नहीं होगी। सेंटर की सारी व्यवस्था रेडक्रॉस करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-biggest-blood-bank-will-be-built-in-muzaffarpur